हरिभूमि
कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 2 जुलाई 2024
[बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर]

तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

4 नए कानून से जरुरतमंदों को मिलेगी राहत

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें:- 7400009183

सरपंच के विरूद्ध कार्रवाई प्रस्तावित

दायित्वों के प्रति लापरवाह सचिव पर गिरी गाज, ग्रापं चेरवापारा में हुई थी घटना

गड्ढे में डूबने से मासूम की मौत मामले में सचिव सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के ग्राम पंचायत चेरवापारा में तीन वर्षीय बालक के सोख्ता गड्ढे में डूबने से हुए मौत मामले में जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए संबंधित पंचायत सचिव को तत्काल सस्पेंड कर दिया है, वहीं सरपंच के विरुद्ध कार्रवाई प्रतावित किया गया है। कोरिया जिले में जनहितकारी योजनाओं के तहत होने वाले प्रत्येक निर्माण कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही पर अब संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय कुमार लंगेह ने लापरवाह निर्माण एजेंसी, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी के विरूद्ध अविलंब कड़ी कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। बीते रविवार को चेरवापारा ग्राम पंचायत की लापरवाही से एक बालक आशुतोष उम्र 3 वर्ष के डूबकर मौत हो जाने संबंधी विषय के संज्ञान में आते ही मामले की विस्तृत पड़ताल के लिए उप संचालक पंचायत की अगुवाई में एक कमेटी बनाकर जांच प्रारंभ कर दी गई है और प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर ग्राम पंचायत सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही ग्राम पंचायत के सरपंच के खिलाफ पंचायत राज अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई प्रस्तावित कर दी गई है। जानकारी के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत बैकुंठपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत चेरवापारा के ग्राम रकया में ग्राम पंचायत के प्रस्ताव के अनुसार ही आंगनबाड़ी भवन के समीप एक सोख्ता गड्ढ़ा बनाए जाने की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी और इस कार्य के लिए ग्राम पंचायत चेरवापारा को ही निर्माण एजेंसी नियुक्त किया गया था। एजेंसी द्वारा दो माह पूर्व कार्य को प्रारंभ कराया गया, जिसमें संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा एक गड्ढ़ा खोदा गया था, लेकिन उसमें सुरक्षा के मानकों का ध्यान न रखने के कारण वह खुला रह गया। बारिश के कारण इस गड्ढ़े में एक बालक के गिरने से उसका देहांत होने की बात प्रशासन के संज्ञान में आई है।

जांच के लिए पहुंची टीम।

जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि कलेक्टर ने इसे अत्यंत गंभीरता से लेकर जांच करने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। इस अनुक्रम में प्रकरण में पीड़ति परिवार को आरबीसी 6 (4) के तहत आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए तहसीलदार बैकुंठपुर द्वारा मौके पर जाकर प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर इस प्रकरण में एजेंसी की लापरवाही को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए अविलंब जिला पंचायत की उप संचालक पंचायत श्रीमती ऋतु साहू के नेतृत्व में एक जांच कमेटी बनाकर मौके पर जांच के लिए रवाना किया गया। जांच कमेटी ने पीड़ति यादव परिवार के सदस्यों से जाकर मुलाकात की और उनका पक्ष सुना। जांच कमेटी ने पीड़ित परिवार से मिलकर प्रशासन की ओर से गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया है। यह कमेटी आगामी दो दिवस में प्रकरण की पूरी जांच कर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।



घटनास्थल।



तीन वर्षीय बालक की गड्ढे में गिरने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

इसी गड्ढे में गिरा था बालक।

लापरवाही ने ली मासूम की जान

हरिभूमि में प्रकाशित खबर7

सरपंच के विरुद्ध भी होगी कार्रवाई

प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए प्रथम दृष्टया संबंधित निर्माण एजेंसी को उक्त कार्य के प्रति लापरवाह माना मानते हुए ग्राम पंचायत चेरवापारा में कार्यरत ग्राम पंचायत सचिव बनवारी लाल साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है और ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती फुलेश्वरी के विरूद्ध पदीय कर्त्तव्यों में लापरवाही पाए जाने पर पंचायत राज अधिनियम के धाराओं के तहत कार्रवाई के लिए अनुशंसा पत्र बैकुंठपुर एसडीएम को प्रेषित कर दिया गया है।

खुले गड्ढे नहीं छोड़े-सीईओ

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि बारिश के मद्देनजर सभी ग्राम पंचायतों के खुले गड्ढ़े ना रखने की सख्त हिदायत जारी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने वाले छोड़े नहीं जाएंगे। मैदानी अधिकारी -कर्मचारी अपने पदीय दायित्वों के प्रति अत्यंत सजग हो जाएं अन्यथा कड़ी से कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

14 सूत्रीय मांग को लेकर कर्मचारियों का धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

ओपन कास्ट चिरमिरी में कोयला उत्खनन के लिए कार्यरत कृष्णा इन्फ्रास्ट्रक्चर को चिरमिरी के कर्मचारियों ने 14 सूत्रीय मांगों को लेकर समाधान चिरमिरी संगठन के बैनर तले धरना-प्रदर्शन किया। इससे कंपनी का प्रथम पाली का उत्पादन प्रभावित रहा, जिसे देखते हुए कर्मचारियों और समाधान चिरमिरी संगठन प्रतिनिधि एवं प्राइवेट कंपनी के प्रबंधक के बीच हुई चर्चा के उपरांत कर्मचारी काम पर वापस लौटे।

- प्रथम पाली में प्रोडक्शन रहा प्रभावित

आंदोलन कर रहे श्रमिकों का कहना था कि कृष्णा इन्फ्रास्ट्रक्चर छग प्रदेश के श्रमिकों को न लेकर अन्य प्रदेशों के श्रमिकों को रखकर कार्य कर रही, जो कि प्राथमिकता हमारे क्षेत्र के श्रमिकों को मिलना चाहिए। संगठन का मांग था कि 70 प्रतिशत कर्मचारी लोकल होना चाहिए, वहीं 30 प्रतिशत कर्मचारी बाहर के होने चाहिए। कोल माइंस ओपन कास्ट में कार्यरत कर्मचारियों से महीना का पूरे 30 दिन काम लिया जाता है, जबकि सप्ताह में एक रेस्ट मिलना चाहिए, साथ ही कर्मचारियों को कार्य का 8 घंटा, मेडिकल सुविधा सहित पीएफ प्राप्त होनी चाहिए, जिसे प्रबंधन द्वारा मानते हुए अस्वस्थ किया गया कि आगामी समय में इसी अनुपात में कर्मचारियों की भर्ती ली जाएगी। कृष्णा इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रबंधक अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कर्मचारी के हित के लिए संगठन के द्वारा की गई अनेक मांगों को उनके समक्ष पूरा कर लिया गया तथा कुछ मांगों को उच्च प्रबंधन के स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा, इसके उपरांत कर्मचारियों को सुविधा उनके कार्य के अनुसार प्रदान की जाएगी। प्रबंधक श्री श्रीवास्तव ने कहा कि कर्मचारी कंपनी के अच्छे कर्मी के रूप में कार्यरत है। सौहाद्रपूर्ण चर्चा के दौरान संघ द्वारा की गई मांग पूरा करने के बारे में अस्वस्थ किया गया। लोकल कर्मचारियों के भर्ती के विषय में उन्होंने बताया कि भविष्य में 70-30 के अनुपात में कर्मचारियों की भर्ती ली जाएगी। 14 सूत्रीय मांगों में ज्यादातर मांग पूरी कर ली गई है, जिन मांगों पर निर्णय नहीं हुए हैं, उसके लिए समय लिया गया है। चर्चा के दौरान कंपनी की ओर से प्रबंधक अनिल कुमार श्रीवास्तव ,अभिषेक पांडे, एसके शिंदे तथा संगठन की ओर से अरुणोदय पांडे, हमाम मिश्रा, राहुल सोनवानी, छोटकन पांडेय सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

अघोषित विद्युत कटौती एसडीएम को ज्ञापन

सोनहत। वनांचल सोनहत इलाके में रोजाना अघोषित बिजली कटौती कभी 8 घंटे तो कभी 10 घंटे के विरोध में सोमवार को यूथ कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया और उचित कार्रवाई की मांग की गई। वहीं 10 दिनों में उचित कार्रवाई नहीं होने एवं व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर जनहित में आंदोलन किया जाना प्रस्तावित है । ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रकाश साहू, अविनाश पाठक, राजन पाण्डेय, अनित दुबे,लव प्रताप सिंह, वीरेन्द्र साहू, लालमन राजवाड़े,कन्हैया जायसवाल, मारकेश तिर्की, सीके मानिकपुरी सहित कांग्रेसी काफी संख्या में उपस्थित रहे।

पर्यावरण प्रेमी ने किया पौधरोपण

मनेन्द्रगढ़। ग्रीन वैली के पर्यावरण प्रेमी मोतीलाल यादव (रिटायर्ड स्टेशन सुपरिटेंडेंट) इंडिया जीत की खुशी में अपने घर से 8 किमी दूर इमली गोली में नीम, बढ़,पीपल का पौधरोपण किया। इस कार्य के लिए ग्रीन वैली के सदस्यों ने मोतीलाल यादव को बधाई दी है, जिन्होंने इस अनूठे तरह से इस जीत को हमेशा के लिए यादगार बनाए रखने के लिए पौधरोपण किया।

अब तक 538 मिमी औसत वर्षा दर्ज

बैकुण्ठपुर। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 1 जून से 1 जुलाई तक 538 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। अब तक तहसील बैकुंठपुर में 78.3, सोनहत में 105.8, पटना में 271.2 एवं पोड़ी बचरा में 83.2, मिमी कुल वर्षा दर्ज की गई है। प्रतिवेदित दिनांक को तहसील बैकुंठपुर में 6.7, सोनहत में 1.3, पटना में 8.5 एवं पोड़ी बचरा में 1.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

पड़ोसी ने की वृद्ध की गला दबाकर हत्या

रामानुजनगर। मामूली विवाद को लेकर पड़ोसी ने वृद्ध की गला दबाकर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा शव को पीएम के लिए भेजने के साथ ही मामले में अपराध दर्ज कर आरोपी को फिलहाल हिरासत में लिया गया है और घटना की जांच जारी है। ग्राम दवना गाड़ाबहरी निवासी 65 वर्षीय बुद्धू पंडो और राम नारायण सिंह पड़ोसी हैं। दो दिन पूर्व रामनारायण सिंह घर से लगे जंगल में अपनी टांगी के लिए लकड़ी काटने गया था जहां मृतक बुद्धू सिंह ने उसे बेंत काटने से मना किया था जिसके बाद दोनों में विवाद हो गया। इस बीच 29 जून को रामनारायण सिंह के बाड़ी में बुद्धू पंडो के मवेशी घुस गए और फसलों को नुकसान पहुंचा रहे थे। इस दौरान शराब के नशे में धुत रामनारायण सिंह बुद्धू पंडो से गाली गलौज करने लगा। इस दौरान रामनारायण सिंह ने बुद्धू पंडो को पटककर उसका गला दबा दिया जिससे बुद्धू पंडो की मौके पर ही मौत हो गई।

डॉक्टर्स डे पर विद्यार्थियों को दिए टिप्स

मनेन्द्रगढ़। क्षेत्र के नामचीन विद्यालय दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस (नेशनल डॉक्टर्रस डे) के सुअवसर पर एक विशेष सभा का आयोजन किया गया।

इस सुअवसर पर विद्यालय प्रांगण में मनेन्द्रगढ़ के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर अफताब, डॉक्टर नसीम, डॉ. देवेन्द्र टुडु, डॉ. गौरव गुप्ता, डॉ.पीके सिंह, डॉ.वामन लाथड, डॉ. सुमन पाल, डॉ.लवलेश गुप्ता, डॉ.वंदना, डॉ. अंशुल सिंह,डॉ. स्नेहा सिंह, डॉ. विकास पोद्दार, डॉ. मधु, डॉ. शेख वाफेया, डॉ. सुमित आचार्य, डॉ.डीएल दीवान, डॉ. एसपी गुरिया, डॉ.प्रियंका सिंह, डॉ. विनय शंकर इत्यादि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलित कर की गई। इसके उपरांत पूर्व न्यायाधीश एवं विद्यालय के निदेशक व्यंकटेश सिंह, निदेशिका श्रीमती पूनम सिंह एवं विद्यालय के प्राचार्य डॉ.बसंत कुमार तिवारी द्वारा सभी चिकित्सकों का स्वागत पुष्पगुच्छ से किया गया। सभी चिकित्सकों ने अपने-अपने विचारों द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को स्वस्थ रहने की प्रेरणा दी। डॉक्टर आफताब तथा डॉक्टर नसीम ने बताया कि एक डॉक्टर बनने के लिए कड़ी मेहनत और पढ़ाई के प्रति निरंतरता बनाना अति आवश्यक है। डॉक्टर अंशुल सिंह ने बच्चों को जंक फूड खाने से मना किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का विकास होता है। डॉ.विकास पोद्दार ने बच्चों को अनुशासन तथा ⏭ शेष पेज 4 पर

DELHI WORLD PUBLIC SCHOO
MANENDRAGARH

अवैध कबाड़ से भरा ट्रक जब्त, दो गिरफ्तार

रायगढ़। थाना पूंजीपथरा में मोटर सायकल मैकेनिक अनिल चौहान निवासी गेरवानी 40 वर्ष द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम गेरवानी इंदिरा आवास के पास रोड किनारे इसकी सांई ऑटो गैरेज है, जहां कृष्णा यादव निवासी छिंदभौना अपनी बाइक प्लेटिना क्रं. सीजी 13 एम 2125 को बनवाने छोड़ा था। जिसे 14 जून की रात्रि कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना पूंजीपथरा में अपराध दर्ज किया था। आज मुखबीर सूचना पर पुलिस द्वारा गेरवानी के पास ट्रक क्रं. सीजी 13 एवाई 1340 में लोड करीब 2 टन कबाड़ के साथ दो व्यक्तियों को पकड़ा गया। ट्रक में लोड कबाड़ में चोरी मोटर सायकल प्लैटिना मिला। पकड़े गए संदेही राजेश सोनी और लक्ष्मण यादव उर्फ लक्की ने 14-15 जून के दरम्यानी रात सांई मोटर गैरेज, गेरवानी से प्लेटिना मोटर सायकल को चोरी करना बताएं हैं।

प्राचार्य के सेवानिवृत्त पर शिक्षकों ने दी विदाई

बैकुण्ठपुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक खरवत का विदाई कार्यक्रम का आयोजन शहर के होटल रामसेतु में किया गया।

प्राचार्य आरपी पैकरा के अर्द्धवार्षिक आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए उनका शैक्षिक कार्यकाल का प्रारंभ 1982 में हुआ और प्राचार्य के रूप में निरंतर 20 वर्षों तक सेवा दी। इस दौरान विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी के रूप में सेवाएं दी। इस अवसर पर बीते फरवरी माह में सेवानिवृत्त व्याख्याता श्रीमती सीमा रानी पांडेय को भी ससम्मान विदाई दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता ने आरपी पैकरा को शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया साथ उनके द्वारा उत्कृष्ट कार्यो की सराहना की एवं नए शिक्षकों को उनके आदर्श और पदचिन्हों पर चलने को कहा है, साथ ही उनके सुखद एवं स्वास्थ्य जीवन की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता, सेवानिवृत्त शिक्षक गीता प्रसाद नेमा, आनंद प्रकाश तिर्की, प्राचार्य सेजेस रविकांत मिश्रा ,व्याख्याता चेतनारायण कश्यप, संतोष श्रीवास्तव एवं आरपी पैकरा के पुत्र अपर कलेक्टर प्रवेश पैकरा, पुत्री डॉक्टर पल्लवी पैकरा उनकी पत्नी हीरामणि पैकरा एवं विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता मनोज पांडेय एवं आभार प्रदर्शन वरिष्ठ व्याख्याता सीएस सिंह ने किया।

दुकानों के सामने पसरी गंदगी, व्यापारी परेशान

मनेन्द्रगढ़। नई सब्जी मंडी में व्यापारियों व आम नागरिक परेशान हो रहे हैं। कई दिनों से दुकानों के सामने गंदा पानी जमा हैं। इस ओर जिम्मेदारों के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं। वहीं जमा गंदा पानी से दुर्गंध भी आ रही है, इससे दुकानदारों का हाल बेहाल। पानी जमा होने से बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है। इस ओर जिम्मेदारों को ध्यान दिए जाने की जरूरत है, ताकि लोगों को परेशानी न हो।

- जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

31 अगस्त तक चलेगा स्टॉप डायरिया कैंपेन

बैकुण्ठपुर। जिले में 1 जुलाई से 31 अगस्त तक स्टॉप डायरिया कैंपेन आयोजित किए गए हैं। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने इस अभियान में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग और स्कूल शिक्षा विभाग को समन्वय से कार्य करने को कहा गया है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग माइक्रो प्लान, प्रचार-प्रसार और मॉनिटरिंग का कार्य करेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग कुपोषण से जोखिम वाले बच्चों की पहचान करेगा और पोषण संबंधी आंकलन करेगा। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग जल की गुणवत्ता परीक्षण और शुद्ध जल आपूर्ति का कार्य करेगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग स्वच्छता अभियान और साफ-सफाई के प्रति जागरूकता में भागीदारी करेगा।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ग्राम संगठन, स्वयं सहायता समूह, मितानिनों की बैठक में चर्चा आयोजित कर जन जागरूकता फैलाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग स्कूलों में शौचालयों की सफाई सुनिश्चित करेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरएस सेंगर ने बताया कि 1 जुलाई से 31 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के ⏭ शेष पेज 4 पर

वनांचल के ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन के नीचे पाए जाने वाला पुटू शहर के बाजार में पहुंचा

800 रुपए किलो पहुंचा पुटू का दाम, आवक बढ़ने से कीमतों में आएगी कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बरसात के सीजन में जिले के वनांचल ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली मशरूम पुटू प्राकृतिक रूप से जमीन के नीचे पाए जाने वाला पुटू अब शहर के बाजार में पहुंच गया है।

बीते शनिवार को जब शहर में पहली बार ग्रामीण क्षेत्रों के व्यापारी पुटू लेकर पहुंचे तो इस दिन 300 रूपए पाव के हिसाब से विक्रय करते रहे, इसके दूसरे दिन कई क्षेत्रों के अनेक ग्रामीण पुटू लेकर शहर के बाजार में पहुंचे तो 200 रूपए पाव यानी 800 रूपए की दर से पुटू का विक्रय करते रहे। इसी दिन नगर पालिका कार्यालय परिसर के पास मुख्य मार्ग किनारे बैठे पुटू के व्यापारी सुबह के समय 250 रूपए पाव के हिसाब से पुटू का विक्रय करते रहे। इस तरह पहले दिन जहां 1200 रूपए किलो जंगली पुटू विक्रय होती रही, वहीं दूसरे दिन ही 800-1000 रूपए प्रति किलो हो गई। जैसे-जैसे पुटू की आवक बढ़ेगी वैसे-वैसे कीमतों में गिरावट होती जाएगी। वर्तमान में पुटू सोनहत जनपद क्षेत्र के वनांचल वंशीपुर, नवाटोला तथा रामगढ़ क्षेत्र से ग्रामीण ला रहे हैं, इसके अलावा कुछ ग्रामीण कोरिया के सीमावर्ती सूरजपुर जिले के दुरस्थ वनांचल ग्राम छतरंग से भी पुटू बड़ी मात्रा में लेकर आ रहे हैं। कोरिया जिले से निकलने वाले पुटू को कई व्यापारियों के द्वारा दूसरे जिले के शहरों में भी ले जाते हैं और अच्छा मुनाफा प्राप्त करते हैं, इसके लिए कई व्यापारी ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच कर पहले ही ग्रामीणों को एडवांस में रकम दे देते हैं और उनके पास से खरीदी कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा जिले के बाहर के शहरों में ले जाकर विक्रय करते हैं और अच्छा मुनाफा प्राप्त करते हैं। जानकारी के अनुसार वर्तमान में निकलने वाला पुटू करीब डेढ़-दो माह तक ही मिलता है, लेकिन बाद में इसके स्वाद में कुछ कमी आ जा रही है। शुरूआती दौर में इसका स्वाद बेहतरीन होता है । यही कारण है कि महंगी दर से विक्रय होने के बाद भी लोग पुटू की खरीदी करने के लिए इंतजार करते रहते हैं।

जानकारी के अनुसार इस सीजन में निकलने वाला पुटू प्राकृतिक रूप से जमीन के नीचे पाया जाता है, जो अच्छी बरसात के बाद बड़ी मात्रा में निकलता है। पुटू में भरपूर मात्रा में प्रोटिन मिलता है, इसके अलावा अन्य तरह के विटामिन भी पाए जाते हैं। इसे जंगली मशरूम भी कहा जाता है। खास बात है ⏭ शेष पेज 4 पर

बाजार में बिक्री के लिए आए पुटू।

21 लाख के विकास कार्यों की मिली स्वीकृति

बैकुण्ठपुर। बैकुंठपुर विधानसभा के विधायक भईयालाल राजवाड़े की पहल से विभिन्न विकास कार्यों के लिए 21 लाख 25 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के तहत विकासखंड़ बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत पिपरा के ग्राम आंजोखुर्द डांडपारा में मदन सिंह के घर से रामचंद्र सिंह घर होते हुए तालाब की ओर नाली निर्माण कार्य के लिए 9 लाख 95 हजार, डांडपारा में ही रामबाई के घर से भईयालाल, रवि के घर की ओर नाली निर्माण कार्य के लिए 5 लाख 70 हजार एवं माध्यमिक शाला आंजोखुर्द में चबुतरा शेड निर्माण कार्य के लिए 5 लाख 60 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

खबर संक्षेप

छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का विरोध प्रदर्शन 8 जुलाई को

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव चिकित्सा महाविद्यालय में भर्ती, पदोन्नति में शासन ने निर्देशों की अवहेलना करने का आरोप लगाया है। प्रदेश महामंत्री अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया कि महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा 21 सितम्बर 2011 को अधिसूचना जारी कर नियम विरूद्ध तरीके से तृतीय श्रेणी अराजपत्रित लिपिक एवं अलिपिक वर्गीय भर्ती नियम की अवहेलना कर सहायक प्रोग्रामर पद पर पदोन्नत कर कर्मचारियों को वायरोलॉजी लैब में नियुक्ति दी गई है। मामले की शिकायत पर संभागायुक्त द्वारा मामले की जांच उपरांत नियम विरूद्ध पदोन्नति को निरस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रबंधन द्वारा पदोन्नति निरस्त नहीं करने से संघ 8 जुलाई को अपनी मांग के समर्थन में अधिष्ठाता कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करेगा।

महामाया मंदिर के मुख्य द्वार का निर्माण अधर में, श्रद्धालु परेशान

अम्बिकापुर। महामाया मंदिर के मुख्य द्वार का निर्माण बेहद धीमी गति से होने के कारण श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। श्रद्धालु लम्बी दूरी तय कर दूसरे रास्ते से मंदिर जा रहे हैं। ननि द्वारा 50 लाख की लागत से रिंग रोड के किनारे भव्य मुख्य द्वार का निर्माण किया जा रहा है। ननि ने मुख्यद्वार के निर्माण की जिम्मेदारी ठेकेदार को सौंपी है तथा निर्माण के लिए एक महीने का समय निर्धारित किया गया है। निर्माण के लिए ननि द्वारा एक महीने तक मार्ग से आवागमन पर रोक लगाई गई है। ठेकेदार ने मुख्यद्वार के निर्माण के लिए आवश्यक तैयारियां कर ली गई है लेकिन 15 दिन का समय गुजरने के बावजूद न तो द्वार निर्माण का कार्य प्रारम्भ हो सका है न ही ढलाई ही हुई है। ऐसे में मुख्यद्वार के निर्माण में लम्बा समय लगने की संभावना है। इधर आवागमन में हो रही समस्या से श्रद्धालु परेशान हैं। मुख्य द्वार के निर्माण का श्रेय लेने की होड़ में लम्बे समय तक व्यस्त रहने वाले जनप्रतिनिधि श्रद्धालुओं की परेशानी से अनभिज्ञ हैं तथा समय सीमा में द्वार का निर्माण पूरा कराने की पहल नहीं कर रहे हैं।

अंकुर बने कोरिया विभाग संयोजक

प्रतापपुर। आखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा कवर्धा में 27 से 30 जून तक प्रदेश अभ्यास वर्ग का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के अंतिम दिन में सूरजपुर जिला के छात्रनेता अंकुर पटेल को छात्र संगठन एबीवीपी ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। अंकुर को कोरिया विभाग का विभाग संयोजक बनाया है।

श्रमदान कर जिला पंचायत परिसर की हुई साफ-सफाई

सूरजपुर। हमर सुघर आफिस अभियान के निर्धारित मापदंडों के अनुसार जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के नेतृत्व में ज़िला पंचायत कार्यालय परिसर में सामुहिक स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यालय परिसर में श्रमदान कर साफ सफाई की गई। इस दौरान जिला पंचायत के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

आबकारी उड़नदस्ता टीम ने युवक के कब्जे से 12 लीटर अवैध महुआ शराब की जब्त

बिश्रामपुर। लटोरी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत भंडारपारा में एक युवक के यहां आबकारी विभाग की संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम द्वारा दबिश देकर युवक से 12 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की गई है। शनिवार को संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम उपायुक्त विजय सेन शर्मा के मार्गदर्शन में गश्त के दौरान टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि लटोरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भंडारपारा निवासी श्रवण दास अपने घर में बड़ी मात्रा में अवैध महुआ शराब का निर्माण कर बेचता है। सूचना पर रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में उड़नदस्ता टीम द्वारा श्रवण दास के घर दबिश दी गई। टीम के घर पर पहुंचते ही आरोपी एक झोला लेकर भागने लगा, जिसे दौड़कर आबकारी आरक्षक द्वारा पकड़ा गया। उसके द्वारा पकड़े गए झोले से 12 लीटर महुआ शराब रखा गया था, जिसे जब्त करके युवक को गिरफ्तार कर लिया गया।आरोपी श्रवण के खिलाफ आबकारी विभाग द्वारा छत्तीसगढ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क, 34 (2) एवं 59 (क) के तहत गिरफ्तार कर सुरजपुर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल दाखिल कर दिया गया है।उक्त कार्यवाही में रंजीत गुप्ता, आरक्षक रमेश दुबे, कुमारु राम अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पांडेय, रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी सक्रिय रहे।

मनमानी दर पर बिक्री कर रहे खाद व बीज

नकली खाद-बीज से किसान परेशान बाजार में धड़ल्ले से की जा रही बिक्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

खास बात

- बारिश होते ही खेती किसानी में जुटे किसान

बरसात शुरू होने के साथ ही किसान इन दिनों खेती-बाड़ी में व्यस्त है। इधर नगर में बड़े पैमाने पर नकली खाद-बीज की बिक्री दुकानों में धड़ल्ले से की जा रही है। ऐसा नहीं है कि नकली खाद बीज के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों को जानकारी नहीं है बावजूद इसके किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने से नकली खाद बीज के व्यापारियों के हौसले बुलंद है। इधर बाजार में उपलब्ध नकली खाद बीज ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

विकासखंड प्रतापपुर क्षेत्र में इन दिनों नकली खाद और बीज की बिक्री इन दिनों धड़ल्ले से चल रहा है वही हाइब्रिड धान, खाद सहित अन्य प्रकार के बीज की कालाबाजारी हो रही है और अनाप-शनाप रेट में किसान लेने को मजबूर हैं। बताया जा रहा है कि यह नकली खाद बिहार एवं उत्तर प्रदेश से 300 से 400 बोरी में आते हैं। जिसे इफको यूरिया सहित कई प्रकार के अन्य खाद ओरिजिनल बोरी की मार्किंग कर नकली खाद को डालकर धड़ल्ले से क्षेत्र में खपाया जा रहा है। क्षेत्र के गरीब किसान नकली खाद एवं बीज के समस्या से जूझ रहे है। किसान अपनी गाढ़ी कमाई का हिस्सा से खाद बीज खरीदते है जबकि बाजार में मिलने वाले खाद नकली एवं उर्वरक कम होते हैं। बनावट खाद दिखने में असली प्रतीत होते हैं जिसकी वजह से किसान ठगे जाते हैं। किसानों ने बताया कि नकली खाद और बीज के वजह से उनके जमीन बंजर हो जा रही है तथा जमीनों का उर्वरक क्षमता कम होती जा रही है। पहले जिस जमीन पर वे प्रति एकड़ में 20 क्विंटल धान कमाते थे अब इसका रकबा घट गया है जिससे क्षेत्र के किसान चिंतित है।

IFFCO
IFFCO
IFFCO
IFFCO
UREA
DAP
NPK
नया भारत

खेत में तैयारी करते किसान, इनसेट में नकली खाद।

3 सौ रुपए खाद बेच रहे 15 से 18 सौ रुपए में

नकली खाद क्षेत्र में बड़ी मात्रा में खपाई जा रही है। बरसात का मौसम शुरू होने से पूर्व ही नकली खाद के गोदाम में डंप कर रख दिया जाता है। इसके बाद नकली खाद का बोरी बदलकर असली खाद के बोरी में प्रिंटेड कर डाल दी जाती है। जिसके बाद नकली खाद को ही बाजार में 15 से 18 सौ रुपए में बिकता है।

खानापूर्ति का आरोप

कृषि विभाग के अधिकारी जांच के नाम पर किसानों ने खानापूर्ति करने का आरोप लगाया है। सूत्रों की माने तो दुकानदारों से जांच के नाम से खाना पूर्ति कर सैंपल लेते हैं। नकली खाद भी है तो उसके जगह सैंपल में असली खाद लेकर ही भेजा जाता है ताकि स्थिति को सामान्य बताया जा सके। खाद विक्रेताओं ओरिजिनल खाद का गोदाम को दिखाते जबकि कई जगह नकली गोदाम होते हैं। किसानों ने मांग किया है कि शासन प्रशासन द्वारा खाद जांच में पारदर्शिता के साथ प्रत्येक दिन टेस्ट करें ताकि अवैध कारोबारी में हड़प्पा मचा रहे।

की जाएगी कार्रवाई

खाद सैंपलिंग सहित लगातार छापामार कार्रवाई की जाएगी। नकली खाद बीज बेचने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। जिले में टीम गठित कर कार्रवाई के अनुशंसा की जाएगी। नकली खाद बीज की शिकायत किसानों से भी मिल रही है।

-शिव शंकर यादव
कृषि विस्तार अधिकारी

किसान के खाते से दूसरे ने निकाल ली राशि, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अघिना

किसान के खाते से दूसरे व्यक्ति द्वारा राशि निकालने की शिकायत पीड़ित किसान ने कलेक्टर से की है।

जनपद पंचायत भैयाथान अंतर्गत ग्राम पंचायत केवटाली निवासी पूरन राजवाड़े आ. नानराम (45 वर्ष) वर्ष 2022 में अपने नाम पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा बिश्रामपुर में खाता खुलवाया था। खाते के पासबुक में किसान का फोटो भी चिपकाया गया और खाते में किसान द्वारा धान विक्रय भी किया। यहां तक धान विक्रय की राशि भी प्राप्त हुई परंतु वर्ष 2023 में बैंक द्वारा बताया गया कि यह खाता आपका नहीं है। किसान ने बताया कि पूर्व में इसी खाते में धान बेचा था और मुझे उसकी राशि भी प्राप्त हुई है। जिसके बाद बैंक द्वारा किसान के नाम पर दूसरा खाता खोला गया। किसान को 2023 में बिक्री किए गए धान का बोनस का पैसा भाजपा सरकार द्वारा जारी किया गया लेकिन बोनस राशि आज तक किसान को नहीं मिला। पीड़ित किसान ने घटना की शिकायत कलेक्टर से भी किया गया लेकिन शिकायत के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हो सका जिससे किसान बैंक का चक्कर लगाने को मजबूर है।

एक अन्य पूरन राजवाड़े ने निकाल लिया पैसा

किसान पुरन राजवाड़े द्वारा 1 जनवरी 2023 को मंडी सलका में धान बेचा था। बेचे गए धान का पैसा किसान द्वारा 20 जनवरी को बैंक से 20 हजार निकाला था। किसान दोबारा जब पैसा की आवश्यकता होने पर विश्रामपुर सहकारिता बैंक में निकालने गया तो बैंक मैनेजर ने बताया बताया कि तुम्हारे खाते से दो बार पैसा निकाला जा चुका है। जब किसान ने पैसा नहीं निकालने की बात कही तो जांच में पता चला कि सूरजपुर जिला जनपद पंचायत भैयाथान अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटकोली निवासी एक अन्य पूरन राजवाड़े द्वारा एक ही दिन में दो बार पैसा निकाला था। जिस पर हस्ताक्षर का मिलान किया गया तो हस्ताक्षर नहीं मिला।

जांच प्रतिवेदन के आधार पर की जाएगी कार्रवाई

संबंधित अधिकारी को पत्राचार के माध्यम से भेज दिया गया है। जांच कर प्रतिवेदन बनाया जाएगा कि क्या त्रुटि हुई है। जांच प्रतिवेदन के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सतेंद्र भगत, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी

---

3 नए कानून के बारीकियों से अवगत हुए जिले के पुलिस अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- सहायक प्राध्यापक विधि डॉ. प्रिया राव ने वर्चुअल माध्यम से दिया प्रशिक्षण

तीन नए कानून 1 जुलाई से प्रभावशील हो जाएगा, कानून की बारीकियों से अवगत कराने ताकि उसके क्रियान्वयन में दिक्कत न आए इसके लिए आज पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के सहायक प्राध्यापक विधि डॉ. प्रिया राव द्वारा वर्चुअल माध्यम से जिले की पुलिस अधिकारियों को नए कानूनों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।

सहायक प्राध्यापक डॉ. राव ने सरल शब्दों में तीन नए कानूनों, एफआईआर दर्ज करने के बाद से लेकर चालान प्रस्तुत करने तक के प्रक्रिया एवं विवेचना के दौरान व्यवहारिक रूप से दिक्कतों का निराकरण कैसे की जाती है, डिजिटल, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के संकलन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 में कुल 358 धाराएं होंगी जबकि वर्तमान कानून में यह 511 हैं। जिसमे 21 नई धाराओं को जोड़ा गया है, 41 धाराओं में सजा को बढ़ाया गया है। 82 धाराओं में फाईन को बढ़ाया गया है। 25 धाराओं में न्यूनतम सजा का प्रावधान, 6 धाराओं में सामुदायिक अपराधों को जोड़ा गया है एवं 19 धाराओं को हटाया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में 531 धाराएं होंगी जबकि वर्तमान कानून में यह 484 है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 में कुल 170 धाराएं हैं, वर्तमान कानून में 166 धाराएं हैं। जिला पुलिस कार्यालय में उप पुलिस महानिरीक्षक एमआर आहिरे सहित पुलिस राजपत्रित अधिकारी, जिले थाना-चौकी प्रभारी एवं विवेचक वर्चुअल बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक समाप्त होने के उपरान्त एसएसपी एमआर आहिरे ने तीन नए आपराधिक कानून के क्रियान्वयन हेतु तैयारियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी इस कानून के बारे में कानूनी किताब एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एसओपी से अवगत होकर जानकारी प्राप्त कर ले ताकि कानून लागू होने पर स्पष्ट तरीके से क्रियान्वयन हो सके और इसमें किसी प्रकार की दिक्कत न जाए। आम लोगों को इन कानूनों की जानकारी हो इसके लिए विभिन्न माध्यमों से कानूनों का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। एक जुलाई को जिला मुख्यालय व हर थाने में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें नए कानून के बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, डीएसपी रितेश चौधरी, एसडीओपी नंदिनी ठाकुर, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप सहित जिले के थाना-चौकी प्रभारी मौजूद रहे ।

आकाशीय बिजली गिरने के मामले में डेंजर जोन बना सोनहत का लटमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बरसात के शुरूआत के साथ ही आकाशीय बिजली गिरने की घटना भी होती है। कोरिया जिले में आकाशीय बिजली कई लोगों की जान ले लेती है, इसके अलावा मवेशियों को भी काल के गाल में समा देता है, वहीं मकानों एवं पेड़ों को भी क्षति पहुंचती है।

आकाशीय बिजली के प्राकृतिक प्रकोप से जिले में प्रतिवर्ष जनहानि होती है। वैसे तो कोरिया जिले में शुरूआती बरसात में आकाशीय बिजली गिरने की घटना अधिक होती है,लेकिन जिले के कई गांव ऐसे भी है,जहां प्रतिवर्ष बरसात के दौरान आकाशीय बिजली कहर बनकर गिनती है। ऐसा ही गांव जिले के सोनहत जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत लटमा है। आकाशीय बिजली के लिए यह गांव डेंजर जोन अंतर्गत आता है, क्योंकि यहां प्रतिवर्ष आकाशीय बिजली गिरने के कारण नुकसान होते आया है। यह तो खुशकिस्मत है कि ग्राम लटमा के पंचायत भवन के पास तड़ति चालक लगा हुआ है और पास में ही प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय स्थित है, जहां बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं, जिनके लिए पंचायत भवन के पास लगा तड़ति चालक सुरक्षा कवज का कार्य करता है, जिससे कि उक्त दोनों स्कूलों में अब तक किसी प्रकार की यह प्राकृतिक घटना का प्रभाव नहीं पड़ा। जानकारी के अनुसार लगभग डेढ़ दशक पूर्व स्कूल छुट्टी के बाद जब बच्चे अपने-अपने घर जाने के लिए निकले, इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरी और खेल मैदान के कोने के हिस्से में एक छात्र आकाशीय बिजली के चपेट में आने से छात्र की मौत हो गई थी।

एसएसपी ने सेवानिवृत्त हुए तीन अधिकारियों को किया सम्मानित

सूरजपुर। पुलिस विभाग में पदस्थ रहे एसआई जगसाय ने 39 वर्ष 4 माह, एसआई राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव ने 36 वर्ष 10 माह एवं एएसआई शोभित राम ने 42 वर्ष 6 माह तक लगातार अपनी सेवा देकर 30 जून को सेवानिवृत्त हुए। रविवार को जिला पुलिस कार्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे तीनों अधिकारियों को साल-श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया और पेंशन स्वीकृति का आदेश सौंपा। इस दौरान सेवानिवृत्त एसआई व एएसआई का पूरा परिवार मौजूद रहे।

इस दौरान एसएसपी एमआर आहिरे ने कहा कि तीनों पुलिस अधिकारी लंबी अवधि तक विभाग में सेवाएं दी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ सौंपे गए दायित्व का निर्वहन किया। इनका रिकॉर्ड बहुत अच्छा है इससे दूसरों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस का कार्य लोगों की भलाई और सेवा के साथ ही अपराधियों के विरूद्ध कार्रवाई कर सजा दिलाना होता है जिसे तीनों ने बखूबी निभाया। प्रकृति का नियम है आप दूसरों के लिए अच्छा करेंगे तो आपके साथ अच्छा होगा। सेवा के बाद दूसरी पारी में परिवार के साथ समय व्यतीत कर खुश रहे। पुलिस विभाग की सेवा से सेवानिवृत्त हुए तीनों अधिकारियों को साल, श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया और बेहतर स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान सेवा निवृत्त हो रहे तीनों अधिकारियों द्वारा सेवा के अनुभव को साझा किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, डीएसपी रितेश चौधरी, एसडीओपी नंदिनी ठाकुर, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप सहित जिला पुलिस कार्यालय व रक्षित केन्द्र के अधिकारी मौजूद रहे।

काम पर जा रहे युवक पर गड़ासा से वार

अम्बिकापुर। काम पर जा रहे युवक को एक व्यक्ति ने गड़ासा से जानलेवा हमला कर दिया। घायल को अस्पताल में उपचार जारी है। कांतिप्रकाशपुर निवासी संतोष कुमार टोप्पो आ. भरत साय टोप्पो शुक्रवार को फैक्ट्री में काम करने दोपहर को जा रहा था। जैसे ही युवक फैक्ट्री के समीप पहुंचा तभी गांव के ही महेन्द्र लकड़ा गड़ासा लेकर आने वाले लोगों को मारने दौड़ा रहा था। जिसे देख युवक भागने लगा तो कीचड़ में पैर फंस जाने भाग नहीं सका। इसी बीच महेन्द्र लकड़ा ने उसके पैर में गड़ासा से वार कर दिया। किसी तरह युवक भाग की जान बचाई। परिजन युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित युवक की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट सहित 294, 506, 3233, के तहत अपराध दर्ज किया है।

नशीले इंजेक्शन का तस्कर जाकर छिप गया नाली में, पुलिसकर्मियों ने खींचकर निकाला बाहर

- 100 नग प्रतिबंधित इंजेक्शन के साथ पकड़े गए थे दो आरोपी, मुलाहिजा के लिए जाते समय भागा था एक आरोपी

अंबिकापुर। नशीले इंजेक्शन की तस्करी के आरोप में पकड़ा गया आरोपी युवक पुलिस चंगुल से भाग निकला लेकिन बाद में पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी पुलिस को चकमा देकर नाली में जाकर छिप गया लेकिन पुलिस ने भी आरोपी का पीछा नहीं छोड़ा और फिर आरोपी को नाली के अंदर से खींच कर बाहर निकाला।

फिलहाल आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया है। बता दें कि 28 जून को गांधीनगर पुलिस द्वारा रात्रि गश्त के दौरान कन्या परिसर रोड़ मे दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे थे। पुलिस ने जब घेराबंदी कर युवकों को पकड़ा गया तो उनकी पहचान गांधीनगर गंगापुर नालापारा निवासी 23 वर्षीय सूरज उर्फ रोहित दोहरे व भट्टापारा निवासी 20 वर्षीय रोहित मालाकार को पकड़ा गया था। आरोपियों के पास से 100 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया गया था। एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किए गए आरोपियों को पुलिस मुलाहिजा के लिए अस्पताल लेकर जा रही थी। इस दौरान रोहित मालाकार पुलिस से हाथ छुड़ाकर भाग निकला। आरोपी के भागने पर पुलिसकर्मियों ने भी उनका पीछा करना शुरू कर दिया। इस दौरान आरोपी भागते हुए मोहल्ले के अंदर एक बड़े नाली में घुसकर छिप गया। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो वार्ड के लोगों ने उन्हें बता दिया कि आरोपी नाली में छिपा हुआ है जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने आरोपी को नाली के अंदर से खींचकर बाहर निकाला और उसके बाद आरोपियों को जेल भेज दिया गया। नशेड़ी आरोपी को नाली से निकालने का वीडियो अब जमकर वायरल हो रहा है।

अर्थदंड लगाने के निर्देश, सूरजपुर जिले में रक्षित केंद्र व एसपी कार्यालय का निरीक्षण

आईजी ने रिकार्ड संधारण में लापरवाही पर लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा रेंज के आईजी अंकित गर्ग ने सूरजपुर जिले में वार्षिक निरीक्षण किया। आईजी ने रक्षित केंद्र सूरजपुर में परेड की सलामी ली। इसके बाद उन्होंने परेड का निरीक्षण किया। परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को आईजी ने नगद पुरस्कार से प्रोत्साहित किया। वहीं आईजी श्री गर्ग ने वाहन शाखा का निरीक्षण किया और निरीक्षण के दौरान रिकार्ड संधारण में लापरवाही सामने आने पर रक्षित निरीक्षक व वाहन शाखा प्रभारी को फटकार लगाते हुए अर्थ दंड से दंडित किया है।

आईजी ने शासकीय वाहनों का निरीक्षण कर वाहन चालक आरक्षकों का समय-समय पर नेत्र परीक्षण कराने, समय पर वाहनों का सर्विसिंग कराने और वाहन के बेहतर रखरखाव के निर्देश दिए। आईजी ने स्टोर शाखा में रखे सामग्रियों के रख रखाव एवं सही समय पर जवानों को वितरण हेतु निर्देश दिए एवं अन्य उपयोगी उपकरणों को समय समय पर मरम्मत कराने एवं मेंटेन रखने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने आर्म्स शाखा निरीक्षण कर हथियारों को सुरक्षित रखने तथा नियमित रूप से साफ सफाई व मेंटेन रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। रक्षित केंद्र का निरीक्षण करने के बाद आईजी एसपी कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने विभिन्न शाखाओं के कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान रिकॉर्ड संधारण एवं कार्यालयीन कार्यों में लापरवाही, खामियां पाए जाने पर रेंज आईजी द्वारा संबंधित शाखा प्रभारियों को फटकार लगाते हुए अर्थदंड से दंडित किया गया। निरीक्षण उपरान्त आईजी अंकित गर्ग व एसएसपी एमआर आहिरे द्वारा रक्षित केंद्र सूरजपुर में पुलिस दरबार का आयोजन किया गया। दरबार में पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों से रूबरू होते हुए रेंज आईजी ने उनकी समस्याएं सुनी और निराकरण का आश्वासन दिया। एक जवान के द्वारा रक्षित केंद्र में पानी की उपलब्धता के लिए ओव्हर हेड टैंक निर्माण कराए जाने की गुजारिश की जिसपर आईजी द्वारा निर्माण कराने की प्रक्रिया पर जल्द कार्रवाई करने की बात कही। इस दौरान एएसपी संतोष महतो, सीएसपी एसएस पैंकरा, एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर, एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, डीएसपी अजाक पीडी कुजूर, डीएसपी रितेश चौधरी, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, आईजी स्टेनो पुष्पेन्द्र शर्मा, रीडर सुभाष ठाकुर व अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

हर्राटिकरा में विद्युत केबल विस्तार कार्य में ठेकेदार की मनमानी से ग्रामीण परेशान

बिश्रामपुर। ग्राम पंचायत हर्राटिकरा में विद्युत विभाग के केबल विस्तार को ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीक़े से लगाए जाने पर स्थानीय ग्रामीणों में ख़ासी नाराज़गी देखने को मिल रही है।

गौरतलब है कि बिश्रामपुर विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत ग्राम पंचायत हर्राटिकरा में कुछ दिनों विभागीय अधिकारियों के मंशानुरूप एलटी लाइन की वर्षों पुरानी जर्जर तार को बदलकर पोल के माध्यम से केबल बिछवाने का कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर ठेकेदार द्वारा लोगों के घरों, दरवाजे, बाड़ी, सड़क व अन्य स्थानों पर मनमानी तरीके से पोल शिफ्ट करके केबल विस्तार किए जाने का कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा यहां पर कुछ नई पोल के अलावे पुरानी पोल के सहारे ही केबल विस्तार करके शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचाए जाने का कार्य कराया जा रहा है। ठेकेदार की मनमानी के शिकायत ग्रामीणों द्वारा विभागीय अधिकारियों से किए जाने के बाद भी व्यवस्था में कोई सुधार नहीं होने से लोगों में खासी नाराजगी व्याप्त है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से मांग किया है कि यहां पर ठेकेदार द्वारा कराए गए नियम विरुद्ध कार्य की जांच कराकर तत्काल कार्यवाही की जाए। साथ ही मामले की जांच उपरांत कार्यवाही नहीं किए जाने पर लोगों ने विभागीय कार्यालय का घेराव करके विरोध प्रदर्शन किए जाने की बात भी कही है। बिश्रामपुर विद्युत वितरण केंद्र के सहायक अभियंता प्रतीक बड़ा ने बताया कि हर्राटिकरा गांव में विद्युत केबल की शिकायत ग्रामीणों से मिली है।

चुनाव हारने के बाद फिल्म की ओर लौटे निरहुआ...

मुंबई। भोजपुरी इंडस्ट्री के सितारे एक्टर दिनेश लाल यादव यानी निरहुआ ने चुनाव में हारने के बाद सिनेमा की ओर फिर से अपना रुख कर लिया है। उन्होंने हाल ही में एक फिल्म संकल्प की शूटिंग पूरी की। बता दें कि निरहुआ ने आजमगढ़ सीट से चुनाव लड़ा था और हार गए थे। सिनेमा में वापस आने पर निरहुआ ने कहा, एक्टिंग मेरा मुख्य काम है, हमारी पार्टी भी कहती है कि जिस काम से पहचान मिलती है, उसको प्राथमिकता से करते रहना चाहिए। उसके साथ समाज के लिए भी वक्त निकालना चाहिए। जनता के आदेश से मैंने सेवा की और अब फिल्मों के माध्यम से उनका मनोरंजन करूंगा।

लाइफ Style

सामंथा

वेब सीरीज में आदित्य संग आएंगी नजर

एजेंसी ⏭ मुंबई

अगर यह खबर सच हुई तो यह पहली बार होगा जब आदित्य और निर्देशक जोड़ी किसी प्रोजेक्ट में साथ काम करेंगे। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। अभिनेता इसमें एक खिलाड़ी के रूप में दिखाई देंगे।

'रक्तबीज' में आदित्य के साथ दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु राज एंड डीके की आगामी वेब सीरीज में फिर आदित्य के साथ नजर आ सकती हैं। वह इस सीरीज में जबरदस्त एक्शन करती दिखाई देंगी। यह सामंथा और आदित्य के बीच पहला सहयोग होगा। राज एंड डीके ने निर्देशन की दुनिया में अपनी एक खास जगह बनाई है। ये निर्देशक जोड़ी इससे पहले अभिनेता मनोज बाजपेयी (द फैमिली मैन), सिद्धार्थ मल्होत्रा (ए जेंटलमैन), शाहिद कपूर (फर्जी), राजकुमार राव (गन्स एंड गुलाब्स) के साथ काम कर चुकी है। बॉलीवुड की एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि आदित्य ने एक्शन निर्देशक जोड़ी राज एंड डीके के साथ एक प्रोजेक्ट साइन किया है। अगर यह खबर सच हुई तो यह पहली बार होगा जब आदित्य और निर्देशक जोड़ी किसी प्रोजेक्ट में साथ काम करेंगे। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। अभिनेता इसमें एक खिलाड़ी के रूप में दिखाई देंगे। अभिनेता आदित्य रॉय कपूर को आखिरी बार मृणाल ठाकुर के साथ फिल्म 'गुमराह' में देखा गया था। यह फिल्म बीते साल 7 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

हॉलीवुड मसाला

मौत के समय हो चुके थे दिवालिया

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के मशहूर पॉप स्टार माइकल जैक्सन किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। जब तक वे जिंदा थे अपनी लग्जरी जिंदगी और विवादित फैसलों की वजह से सुर्खियों में बने रहे। अपनी मौत के बाद भी माइकल जैक्सन का नाम अक्सर चर्चा में शामिल होता ही रहता है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो जब गायक की मौत की मौत हुई थी तब उनपर 500 मिलियन डॉलर का कर्ज था। माइकल जैक्सन पूरी दुनिया में चैरिटी यानी दान देने के लिए मशहूर थे।

नए टीजर में आमने-सामने आए सबर्टूथ और वूल्वरिन...

लॉस एंजिल्स। रयान रेनॉल्ड्स और ह्यू जैकमैन अभिनीत 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' अगले महीने सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म के टीजर और ट्रेलर ने दर्शकों के उत्साह को बरकार रखा है। इसी बीच शॉन लेवी के निर्देशन में बनी इस फिल्म का एक और टीजर जारी कर दिया गया है, जिसे देखकर प्रशंसक फूले नहीं समा रहे हैं। टीजर में टायलर माने के किरदार सबर्टूथ और ह्यूज के किरदार वूल्वरिन का आमना-सामना देखने को मिल रहा है। शनिवार को 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' के नए टीजर का अनावरण किया गया, जिसमें रयान रेनॉल्ड्स डेडपूल के रूप में अपनी भूमिका दोहराते नजर आ रहे हैं। टायलर माने, जिन्होंने पहली बार 2000 में मूल एक्स-मेन फिल्म में सबर्टूथ का किरदार निभाया था, खलनायक के रूप में वापस लौटे हैं।

चुनौतीपूर्ण किरदार कर स्क्रीन पर छाईं....

मुंबई। रश्मि देसाई एक ऐसी अभिनेत्री हैं जो सही मायनों में कड़ी मेहनत को परिभाषित और दर्शाती हैं। वह जिस भी प्रोजेक्ट का हिस्सा होती हैं, उसमें हमेशा एक शानदार कलाकार के रूप में सामने आने में सफल रहती हैं। उनके नए प्रोजेक्ट के बारे में बात करें तो फिल्म 'जेएनयू' में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। रश्मि देसाई फिल्म में अपने किरदार से हर जगह दिल जीत रही हैं। फिल्म में रश्मि देसाई का किरदार एक लेखिका और जेएनयू की प्रोफेसर निवेदिता मेनन के जीवन पर आधारित है। रश्मि ने मिल रहे प्यार और सराहना पर कहा वास्तविक जीवन के किरदार निभाना हमेशा एक चुनौती होती है क्योंकि दर्शकों के पास हमेशा एक स्मरण बिंदु होता है लेकिन मैं चुनौती के लिए तैयार थी। निर्देशक हमेशा मेरे लिए जहाज का कप्तान होता है।



'सरफिरा' के पोस्टर ने मचाया तहलका

मुंबई। बालीवुड एक्टर अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म सरफिरा के पोस्टर रिलीज के बाद फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया, जिसने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया और प्रशंसकों को बेहद उत्साहित कर दिया। वहीं उनके सह-कलाकार परेश रावल ने भी स्टार की प्रशंसा की और एक्स पर लिखा, अक्षय कुमार की बेहतरीन फिल्म। वहीं अक्षय कुमार ने जवाब में कहा, बहुत-बहुत धन्यवाद परेश भाई। आपकी मौजूदगी ने इस फिल्म में बहुत कुछ जोड़ा। 12 साल बाद आपके साथ दोबारा स्क्रीन पर जुड़कर खुशी हुई। अक्षय कुमार और परेश रावल ने पिछले कुछ वर्षों में कुछ आइकोनिक फिल्मों में एक साथ काम किया है। इस फिल्म में अक्षय कुमार, परेश रावल, राधिका मदन और सीमा बिस्वास नज़र आएंगे।

टीवी मसाला

छोटे पर्दे से कपिल की छुट्टी करेंगे जाकिर...

नई दिल्ली। कॉमेडी किंग कपिल शर्मा के 'द कपिल शर्मा शो' के दर्शक दीवाने हैं। सभी अपने परिवार के साथ बैठकर इस शो का लुत्फ उठाते थे। हालांकि, अब दर्शकों को टीवी पर कपिल के लौटने का इंतजार है, क्योंकि उन्हें टीवी शो बंद कर नेटफ्लिक्स से दर्शकों को हंसाना शुरू किया है। इस बीच प्रसिद्ध स्टैंअप कॉमेडियन जाकिर खान ने अपने टीवी शो की घोषणा की है। कयास लगा रहे हैं कि वह टीवी पर कपिल की जगह लेने वाले हैं।

'आपका अपना जाकिर' का किया ऐलान : जाकिर ने अपने नए कॉमेडी शो का ऐलान किया है, जिसका नाम 'आपका अपना जाकिर' है। वह इस शो के जरिए टीवी की दुनिया में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह शो सोनी टीवी पर प्रसारित होगा। निर्माताओं ने कॉमेडियन के साथ मिलकर इसका टीजर भी साझा किया है। वीडियो को साझा करते हुए उन्होंने लिखा, आप देखेंगे। हम देखेंगे। सब देखेंगे 'आपका अपना जाकिर', सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर। बहुत ही जल्द।

जाकिर खान लेंगे कपिल की जगह : 'द कपिल शर्मा शो' का आखिरी एपिसोड पिछले साल जुलाई में प्रसारित हुआ था। प्रशंसक वीकेंड के दिनों में शो का बेसब्री से इंतजार करते थे, लेकिन कपिल ने टीवी पर वापसी नहीं की। ऐसे में 2023 से एक कॉमेडी शो के लिए सोनी पर स्लॉट खाली था। जाकिर के नए शो की शुरुआत के साथ, यह अनुमान लगाया जा रहा है कि टीवी चैनल 'द कपिल शर्मा शो' की जगह 'आपका अपना जाकिर' लेकर आया है।

'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में व्यस्त हैं कपिल

कपिल और उनकी टीम ने टीवी की बजाय ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर जाना चुना और वे फिलहाल अपने शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में व्यस्त हैं। इस शो के अब तक 12 एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं और इसी के साथ इसका समापन हो गया। हालांकि, कपिल ने 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के दूसरे सीजन का ऐलान कर दिया है, जो जल्द नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा। फिलहाल दूसरे सीजन की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।

जाकिर को ऐसे मिली प्रसिद्धि

जाकिर की बात करें तो कॉमेडियन ने साल 2012 में 'कॉमेडी सेंट्रल' में भारत के सर्वश्रेष्ठ स्टैंड-अप कॉमेडियन का खिताब जीतकर लोकप्रियता हासिल की थी। जाकिर लोगों के बीच अपने वीडियो के चलते सुर्खियों में बने रहते हैं। उन्होंने अब तक ओटीटी पर 'हक से सिंगल', 'कक्षा ग्यारवीं', 'तथास्तु' और 'मनपसंद' जैसे स्टैंडअप स्पेशल जारी किए हैं। इसके साथ ही जाकिर हाल ही में 'चाचा विधायक हैं हमारे' के तीसरे सीजन में भी नजर आए थे।

नवाजुद्दीन बोले- मेरी शक्ल-सूरत ऐसी थी गरीब नहीं था; बताया क्यों की चौकीदारी...

मुंबई। अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपने मन की बात कहने के लिए जाने जाते हैं। उनकी यह बेबाकी उनके प्रशंसकों को खूब भाती है। अक्सर नवाज के बारे में यह कहा जाता है कि वह गरीब हैं और गरीब परिवार से ताल्लुक रखते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। अब उन्होंने खुद यह साफ कर दिया है। एक हालिया इंटरव्यू में अभिनेता ने बताया कि लोग उनकी शक्ल देखकर चक्कर में पड़ जाते थे। उन्हें लगता था कि ये गरीब ही होगा।

संपन्न परिवार का हिस्सा रहे अभिनेता : आपको बता दें कि नवाज बचपन से ही संपन्न परिवार का हिस्सा रहे हैं। वह अपने 8 भाइयों और बहनों में सबसे बड़े हैं। उन्होंने हरिद्वार के गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय से केमिस्ट्री में ग्रेजुएशन की ड्रिग्री हासिल की है। डिग्री करने के बाद वह नौकरी की तलाश में निकले और वड़ोदरा में एक केमिस्ट के रूप में जॉब की। इसके बाद वह दिल्ली पहुंचे और पहली बार थिएटर देखते ही एक्टिंग की ओर झुक गए।

फिल्मों में काम पाने चौकीदारी तक की : फिल्मों में काम खोजने के लिए नवाज ने काफी संघर्ष किया। इस दौरान उन्होंने घर से मदद लेने की जगह आत्मसम्मान को चुना और इसलिए एक समय में चौकीदार की नौकरी भी की। उन्होंने आमिर खान की सुपरहिट फिल्म 'सरफरोश' में एक छोटे से रोल से शुरुआत की, लेकिन इसके बाद उन्हें 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' से असली पहचान मिली। नवाज कभी फिल्मों में छोटा सा किरदार पाने के लिए तरसते थे और आज वह करोड़ों रुपये के मालिक हैं।

'रौतू का राज' में नजर आ रहे नवाज : इन दिनों नवाज क्राइम थ्रिलर फिल्म 'रौतू का राज' में नजर आ रहे हैं, जिसकी कहानी तो कुछ खास नहीं, लेकिन नवाजुद्दीन ने अपनी शानदार अदाकारी से इसे जरूर दिलचस्प बना दिया है। फिल्म में उन्होंने इंस्पेक्टर दीपक नेगी कि किरदार निभाया है।

आयरनमैन रेस के लिए जमकर बहा रहीं पसीना

मुंबई। मुंबई की मानसून के बीच भी फिटनेस फ्रीक बॉलीवुड एक्ट्रेस सैयामी खेर आयरनमैन रेस के लिए ट्रेनिंग में जमकर पसीना बहा रही हैं। वह 15 सितंबर को जर्मनी में होने वाली आयरनमैन ट्रायथलॉन में हिस्सा लेंगी। बता दें कि सैयामी एक्टिंग के अलावा रेसिंग के लिए भी जानी जाती हैं। वह दुनिया भर के कई रेसिंग कंपटीशन में हिस्सा ले चुकी हैं। सैयामी ने कहा, मेरी हमेशा से ही स्पोर्ट्स में दिलचस्पी रही है। मैंने दो फुल मैराथन और 20 से ज्यादा हाफ मैराथन में हिस्सा लिया है। इसलिए मेरा अगला लक्ष्य आयरनमैन है। स्पोर्ट्स मुझे दिमागी तौर पर मजबूत बनाता है। यह दिमाग को शांत करने का मेरा तरीका है।

दौड़ना बंद नहीं कर सकती रेस तीन माह बाद

उन्होंने कहा, मैं मुंबई में रहती हूं, और यह मानसून का मौसम है। मैं मौसम के चलते दौड़ना बंद नहीं कर सकती, क्योंकि रेस मात्र तीन महीने दूर है। मौसम मेरी मेहनत में रुकावट नहीं बनेगा। मुझे वास्तव में बारिश में दौड़ना और तैरना पसंद है। मुझे बारिश के मौसम में खाली सड़कें भी पसंद है! सैयामी की ट्रेनिंग में इनडोर और आउटडोर एक्सरसाइज शामिल हैं। वह अपने रनिंग सेशन के लिए बारिश के बावजूद बाहर निकलती हैं जबकि स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और साइकिलिंग के लिए इनडोर फैसिलिटी का इस्तेमाल करती हैं।

अंतरिक्ष में गोल-गोल घूमने वाले चांद पर भी जमीन के बन गए मालिक

सुशांत ही नहीं, इन बॉलीवुड-टीवी सितारों के पास भी है चांद पर जमीन

***मुंबई।** सिनेमा की दुनिया के सितारों के बीच देश-विदेश में जमीन खरीदना आम बात है। बहुत से सितारों ने विदेशों में करोड़ों रुपये निवेश कर आलीशान बंगले खरीदे हैं। आश्चर्य की बात यह है कि अब बॉलीवुड और टीवी जगत के कुछ सितारे धरती पर ही नहीं, बल्कि अंतरिक्ष में गोल-गोल घूमने वाला चांद पर भी जमीन के मालिक बन गए हैं। आज हम सिनेमा जगत के ऐसे सितारों के बारे में बताएंगे जिन्होंने चांद पर जमीन खरीदी है।*

सुशांत सिंह राजपूत : अंतरिक्ष और तारों के लिए दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत का प्यार किसी से छिपा नहीं है। वह धरती के बाहर की दुनिया के बारे में जानने के लिए हमेशा उत्सुक रहते थे। उन्होंने इसी उत्सुकता के चलते साल 2018 में चांद पर एक जमीन खरीदी थी। अभिनेता ने चांद के दूसरी तरफ एक जमीन का टुकड़ा खरीदा था, जिसे मैरे मुस्कोविएन्से या 'सी ऑफ मस्कॉवी' कहा जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने जमीन 55 लाख रुपये में खरीदी थी।



अंकित गुप्ता : टीवी की दुनिया में 'उडारियां' और 'सड्डा हक' जैसे सीरियल से धमाल मचाने वाले अंकित गुप्ता को प्रसिद्धि सलमान खान के रियलिटी शो 'बिग बॉस 16' से मिली थी। अंकित के पास भी चांद पर जमीन का एक टुकड़ा है। यह उन्होंने अपने आप नहीं खरीदी बल्कि यह उन्हें एक फैन ने तोहफे में दी थी। इसकी कीमत के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

प्रियंका चाहर चौधरी : टीवी अभिनेत्री प्रियंका चाहर चौधरी भी चांद पर जमीन के एक टुकड़े की मालकिन हैं। अंकित की तरह ही उन्हें भी यह उपहार में मिली है। दअरसल, रियलिटी शो 'बिग बॉस 16' से बाहर निकलने के बाद उनके एक उत्साही प्रशंसक ने उन्हें चांद पर 1 एकड़ जमीन उपहार में दी थी। बता दें, प्रियंका ने 'उडारियां' में काम किया है। वह 'बिग बॉस 16' के फाइनल में पहुंचे 3 प्रतियोगियों में से एक थीं।

शाहरुख खान : शाहरुख खान के पास भी चांद पर एक जमीन है। साल 2009 में शाहरुख ने खुलासा किया था कि ऑस्ट्रेलिया की एक महिला हर साल उनके जन्मदिन पर उनके लिए थोड़ी सी जमीन खरीदती है। शाहरुख की जमीन को 'सी ऑफ ट्रैंक्विलिटी' कहा जाता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 1 एकड़ जमीन की कीमत लगभग 37.50 अमेरिकी डॉलर यानी 31.25 करोड़ रुपये है। तब से सुपरस्टार को कई एकड़ जमीन उपहार में दी जा चुकी है।



खबर संक्षेप

मकुंदपुर में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

मड़वारानी। ग्राम पंचायत मकुंदपुर में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। सरपंच श्रीमति करमदेवी कवंर, उपसरपंच श्रीमति शांतिबाई कवंर व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में बच्चों का तिलक लगाकर धूमधाम से शाला प्रवेश कराया गया। इस दौरान कक्षा पहली से आठवीं में प्रथम स्थान आने वाले बच्चों को टाफी व नगद राशि से सम्मानित किया गया।

कलार समाज द्वारा किया गया पौधारोपण

कटघोरा। कलार समाज सुतर्रा के बैनर तले हाई स्कूल मैदान में 12 नग नीम का पौधा ट्री गार्ड के साथ लगाया गया। साथ ही साथ सुरक्षित रखने का संकल्प लिया गया। इस दौरान गांव के सरपंच मनोहर विंध्यराज, बलदेव सिंह पोर्ते, ठंडाराम, योगेश बघेल का सहयोग रहा। इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रदीप जायसवाल, उप सरपंच जितेंद्र डिक्सेना, अध्यक्ष संतोष डिक्सेना, ओमप्रकाश डिक्सेना, चुन्नीलाल जायसवाल, विनय डिक्सेना, कामेश डिक्सेना, विकास जायसवाल, रामरतन जायसवाल, अमन जायसवाल उपस्थित रहे। इस मौके पर समाज प्रमुख ओमप्रकाश डिक्सेना ने लोगों को सार्वजनिक जगह में पौधे लगाने की बात कही।

पौध वितरण कर पूर्व सांसद को दी गई श्रद्धांजलि

कोरबा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आहवान किया है कि एक पेड़ मां के नाम लगाएं। इसी ध्येय को लेकर पूर्व सांसद स्व डॉ बंशीलाल महतो के पूण्यतिथि पर शंकर अग्रवाल के दुकान सिविक सेंटर भवानी क्लाथ स्टोर के पास पौधा वितरण कर उसे संरक्षित करने का संकल्प लिया गया।

पेज 1 का शेष...

डॉक्टर्स डे पर...

समय प्रबंधन का ज्ञान दिया। डॉक्टर गुरिया ने अच्छी नींद के महत्व के बारे में बताया। डॉ.गौरव गुप्ता ने स्वास्थ्यवर्धक भोजन के बारे में बताया। डॉ. वामन ने सुबह जल्दी उठने के लाभ बताएं। डॉ. सुमन पाल ने सही समय पर भोजन करने के फायदे बताएं। डॉक्टर लवलेश गुप्ता ने बच्चों से कहा कि अपना लक्ष्य निर्धारित करें और तन्मयता से उसे प्राप्त करने के लिए लग जाएं। कार्यक्रम में कक्षा ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा डॉक्टर डे के सार का विस्तारण तथा बेहद भावपूर्ण नृत्यमय नाटक प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत सभी अतिथियों को दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक विद्यालय द्वारा मोमेंटो वितरित किया गया। अंततः विद्यालय के प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को चिकित्सकों की बातों को अपने नियमित जीवन प्रणाली में अपनाने के लिए कहा तथा उन्होंने सभी चिकित्सकगण की तुलना ईश्वर के रूप से करते हुए उन्हें धन्यवाद प्रेषित किया। इस कार्यक्रम से विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की प्रेरणा मिली तथा जीवन में चिकित्सक के महत्व को समझने का अवसर प्राप्त हुआ।

31 अगस्त तक...

तहत मितानिनों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर शून्य से पांच वर्ष के सभी बच्चों को ओआरएस पैकेट और जिंक की गोली वितरित की जाएगी। डायरिया के बच्चों को चिन्हांकित कर निःशुल्क इलाज और शिशु पोषण-आहार-व्यवहार की जानकारी दी जाएगी। गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण युक्त आहार के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में ओआरएस कॉर्नर स्थापित किए गए हैं और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर भी ओआरएस कॉर्नर बनाने के निर्देश दिए गए हैं। इस अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों, प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में हाथ धोने की उचित विधि का प्रदर्शन, पोस्टर लगाकर प्रचार-प्रसार, माताओं और परिवारों को एमसीपी कार्ड द्वारा परामर्श, घरेलू ओआरएस घोल तैयार करने की विधि का प्रदर्शन और उसकी उपयोगिता के महत्व को बताना शामिल है। साथ ही सीएचओ, आरएचओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानिनों को ओआरएस और जिंक टेबलेट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

800 रुपए किलो ...

कि इसका स्वाद अच्छा होता है, जिसके कारण लोग इस सीजन में पुटू का स्वाद लेते हैं।
लाजवाब स्वाद के चलते कीमत नहीं देख रहे लोग- बाजार में पहुंच रहे पुटू की कीमत चिकन-मटन से भी अधिक दाम पर बेची जा रही है, लेकिन पुटू के लाजवाब स्वाद के चलते लोग कीमत नहीं देख रहे हैं। महंगी दर पर पुटू के विक्रय होने के बाद भी कई शौकिन लोग इसकी खरीदी कर रहे हैं। साल में केवल एक बार बरसात के मौसम में निकलने वाले जंगली पुटू का शुरूआत में ही स्वाद लेने के लिए कई लोग रुपए नहीं देख रहे हैं। बाजार में पुटू का स्वाद लेने के लिए लोग खरीदी भी कर हैं, लेकिन कई लोगों के पहुंच से बाहर होने के कारण फिलहाल अधिक कीमत के चलते पुटू की ओर देख भी नहीं रहे हैं।

जिला स्तरीय विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम मानस भवन में

नए कानून से जरूरतमंदों को मिलेगी राहत

कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक।

कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

देशभर में 1 जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो गए हैं। तीन नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को लेकर शासन एवं वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में कोरिया पुलिस द्वारा जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कोरिया जिला के सभी थानों और चौकियों के साथ-साथ मुख्यालय बैकुंठपुर के मानस भवन में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक भईयालाल राजवाड़े ने अपना उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन और प्रावधान शामिल किए गए हैं। इसमें मौजूदा कानूनी ढांचे को अधिक संक्षिप्त और सरल बनाने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे आम नागरिक इसे आसानी से समझ सकें। जांच प्रक्रियाओं और न्यायिक कार्रवाई में आधुनिक तकनीकी ,उपकरणों और डिजिटल सबूतों के उपयोग को बढ़ावा दिया गया है साथ ही आरोपी और पीड़ति दोनों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई प्रावधान शामिल किए गए हैं। कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह ने कहा कि अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे भारतीय दंड संहिता को बदला गया है, अब आज से यह भारतीय न्याय संहिता के नाम से जाना जाएगा। नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए पहली बार जीरो एफआईआर की शुरूआत होगी। अपराध कहीं भी हुआ हो, उसे अपने थाना क्षेत्र के बाहर भी रजिस्टर किया जा सकेगा। कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर कोरिया विनय कुमार लंगेह ने बताया कि ये नई संहिताएं आधुनिक समय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं, जिससे न्यायिक प्रक्रिया में स्पष्टता और निष्पक्षता आती है। यह संहिता नागरिकों को सरकारी तंत्र के किसी भी दुरुपयोग से बचाने के लिए कानूनी संरक्षण प्रदान करती है। कार्यक्रम में प्रभारी पुलिस अधीक्षक कोरिया श्रीमती मोनिका ठाकुर ने बताया कि नए कानूनों के माध्यम से नागरिकों के अधिकारों की रक्षा और अपराधों की रोकथाम में महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध, डेटा सुरक्षा और तकनीकी धोखाधड़ी जैसे नए प्रकार के अपराध सामने आ रहे हैं। नए कानून नए प्रकार के अपराधों के लिए उपयुक्त कानूनी उपाय प्रस्तुत करते हैं। इनका उद्देश्य अप्रासंगिक हो चुके कानूनों को समाप्त करने के साथ दोष सिद्धि दर में सुधार के साथ-साथ समय से न्याय देना भी है। कार्यक्रम में वक्ता के तौर पर उपस्थित जिला अभियोजन अधिकारी हरेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध पर नए प्रावधानों के बारे में अपना व्याख्यान दिए। इसमें उन्होंने नवीन आपराधिक कानूनों में जोड़े गए नई धाराओं, पुराने कानून से हटाई गई धाराओं एवं आवश्यक परिवर्तनों की विस्तृत रूप से जानकारी दी। अपने व्याख्यान में उन्होंने बताया कि नए कानून हमारे देश की विधिक प्रणाली को आधुनिक, समसामयिक और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इन संहिताओं के माध्यम से न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता, त्वरितता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सकती है। इसके पश्चात उप पुलिस अधीक्षक राजेश साहू द्वारा नवीन कानून में लाए गए सामान्य प्रावधानों-परिवर्तनों की जानकारी के संबंध में बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 ने भारतीय दंड संहिता 1860 को प्रतिस्थापित किया है, जिसमें 358 धाराओं को शामिल किया गया है। आईपीसी के अधिकांश प्रावधानों को बनाए रखा गया है, नए अपराधों को पेश किया गया है, न्यायालय द्वारा बाधित धाराओं को समाप्त किया गया है और विभिन्न अपराधों के लिए दंड बढ़ाया गया है। उक्त जनाजागरूकता कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, भाजपा जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे, एसडीएम बैकुंठपुर अंकिता सोम, जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

---

12 स्थानों में होगा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में आमजन की समस्या का त्वरित निराकरण के लिए जन समस्या का निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वर्ष 2024 में दिसंबर तक विभिन्न स्थानों पर यह शिविर आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन कैलेण्डर वर्ष 2024 जारी की गई है। यह शिविर 10 जुलाई से 27 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। इन शिविरों में 150 से अधिक ग्राम पंचायत शामिल होंगे।

जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में बैकुंठपुर विकासखंड के पटना शिविर स्थल में 10 जुलाई को ग्राम पंचायत पटना, डुमरिया, तेंदुआ, छिंदिया, रनई, बरदिया, कटोरा, करहियाखांड़, करजी, जमड़ी, सावांरावां, पिपरा, गिरजापुर, बिलारो, टेंगनी, टेमरी, खोंड़, सोरंगा, मुरमा, पूटा, अंगा, कटकोना, सोनहत विकासखंड के भैंसवार में 19 जुलाई को शिविर आयोजित की जाएगी। इसमें ग्राम पंचायत भैंसवार, अकलासरई, किशोरी, बंशीपुर, कचोहर, नावाटोला, चंदहा, बैकुंठपुर विकासखंड के नगर शिविर में 8 अगस्त को ग्राम पंचायत नगर, उमझर, बिशुनपुर, जूनापारा, रटगा, जगतपुर, आमगांव, फूलपुर, ओड़गी, सरडी, सारा, गदबदी, सलका, भंडारपारा, सागरपुर, तलवापारा, सोनहत विकासखंड के रामगढ़ में 23 अगस्त को आयोजित शिविर के अंतर्गत ग्राम पंचायत रामगढ़ नटवाही, उज्ञांव, सिंघोर, अमृतपुर, बैकुंठपुर विकासखंड में 11 सितंबर को मनसुख शिविर के अंतर्गत ग्राम पंचायत पोटेडाड़, डोहड़ा, मनसुख, चिल्का, सरईगहना, मुड़ीझरिया, जामपानी, डुभापानी, पतरापाली, बड़गांव, मोदीपारा, केनापारा, बस्ती, सलबा, नरकेली, मझगवां, अमरपुर, जनपद पंचायत खड़गवां के तहत 27 सितंबर को गणेशपुर में आयोजित शिविर के अंतर्गत ग्राम पंचायत पटमा, गणेशपुर, पड़ती, सोंस, गढ़तर, गोविंदपुर, बंजारीडांड़, सांवला, चिरमी, इंदरपुर, खंधौरा, छोटेसाल्ही जनपद पंचायत खड़गवां के तहत 18 अक्टूबर को पोड़ी शिविर के अंतर्गत ग्राम पंचायत पोड़ी, बचरा, बडेÞसाल्ही, गेजी, टेडमा, सागरपुर, बैमा, तोलगा, बड़ेकलुआ, तामडांड़, बारी, कदमबहरा, करवां, कन्हारबहरा, जिलीबांध, जिल्दा, भरदा, छुरी, मुगुम, सकरिया, बड़ेकलुआ, सोनहत विकासखंड मुख्यालय में आयोजित 30 अक्टूबर को ग्राम पंचायत सोनहत, मेण्ड्रा, कछाड़ी, सलगवांकला, कैलाशपुर, केशगवां, बेलिया, तंजरा, बैकुंठपुर विकासखंड के तहत 8 नवंबर को कुड़ेली शिविर के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुडेÞली, बुडार, सरभोका, चारपारा, जटासेमर, बरपारा, गोल्हाघाट, झरनापारा, कदमनारा, आमापारा, कंचनपुर, खुटरापारा, कसरा, जामपारा, सोनहत विकासखंड में आयोजित 21 नवंबर को कटगोड़ी शिविर के अंतर्गत ग्राम पंचायत कटगोड़ी, मंधौरा, बसवाही, नौगई, घुघरा, आनंदपुर, दसेर, पुसला, दामुज, बसेर, मधला, कछार, सुंदरपुर, लटमा, मझारटोला, रावतसरई, सोनहत विकासखंड के तहत 12 दिसंबर 2024 को रजौली शिविर के अंतर्गत ग्राम पंचायत रजौली, चकडांड, पोंड़ी बोड़ार, ओदारी, कुशहा तथा बैकुंठपुर विकासखंड के तहत 27 दिसंबर को जमगहना शिविर के अंतर्गत ग्राम पंचायत जमगहना, डकईपारा, तरगवां, अमहर, महोरा, डबरीपारा, खोडरी, रामपुर प., शिवपुर, चंपाझर, उरूमदुगा, खरवत, चेरवापारा, आनी, भांडी, खांडा, रामपुर ज., जनकपुर में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

जनसमस्या निवारण शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए ग्रामीण जन को प्रोत्साहित किया जाना है। यदि इन योजनाओं का लाभ उठाने में कोई कठिनाई ग्रामीणजन को हो रही हो तो उसका समाधान भी शिविर स्थल पर ही किया जाएगा।

चिरमिरी में नए कानून को लेकर दी गई जानकारी

जानकारी देते थाना प्रभारी।

उपस्थित लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

1 जुलाई से लागू हो रहे नए आपराधिक कानून देश के 19 राज्यों में 1 जुलाई से नए आपराधिक कानून लागू हो गए हैं, इसके पहले आईपीसी में आतंकवाद को लेकर कोई बात नहीं की गई थी। इसके बाद आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) को लागू कर दिया जाएगा।

यह तीनों ही पिछले साल संसद में पास होकर कानून का रूप ले चुके हैं। उक्त जानकारी चिरमिरी थाना परिसर में उपस्थित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों को थाना प्रभारी अमित कौशिक के द्वारा दिया गया। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम नामक तीन नए आपराधिक कानून 1 जुलाई से लागू हो जाएंगे। इन कानूनों के लागू होते ही कुछ बदलाव भी आएंगे। सीएसपी दीपिका मिंज ने जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम तीन नए आपराधिक कानून 1 जुलाई से लागू हो गए हैं। भारतीय न्याय संहिता कानून अब आईपीसी की जगह लेगा, ये तीनों बिल संसद के शीतकालीन सत्र में पारित किए गए थे। नए कानून में धारा 375 और 376 की जगह दुष्कर्म की धारा 63 होगी, सामूहिक दुष्कर्म की धारा 70 होगी, हत्या के लिए धारा 302 की जगह धारा 101 होगी। भारतीय न्याय संहिता में 21 नए अपराधों को जोड़ा गया है। इसमें एक नया अपराध मॉब लिंचिंग हैं। इसमें मॉब लिंचिंग पर भी कानून बनाया गया है। 41 अपराधों में सजा को बढ़ाया गया है, साथ ही 82 अपराधों में जुर्माना बढ़ाया गया है।

ये होगा बदलाव

नए कानून के मुताबिक, आपराधिक मामलों में सुनवाई समाप्त होने के 45 दिनों के भीतर फैसला आएगा। पहली सुनवाई के 60 दिनों के भीतर आरोप तय किए जाएंगे, सभी राज्य सरकारों को गवाहों की सुरक्षा और सहयोग सुनिश्चित करने के लिए गवाह सुरक्षा योजनाएं लागू करना होगा। दुष्कर्म पीड़िताओं के बयान महिला पुलिस अधिकारी की ओर से पीड़िता के अभिभावक या रिश्तेदार की मौजूदगी में दर्ज किए जाएंगे। मेडिकल रिपोर्ट सात दिनों के भीतर पूरी होनी चाहिए। कानून में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों पर एक नया अध्याय जोड़ा गया है। इसमें बच्चे को खरीदना या बेचना एक जघन्य अपराध की श्रेणी में रखा गया है, इसके लिए कड़ी सजा का प्रावधान है। नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म के लिए मौत की सजा या आजीवन कारावास की सजा हो सकती है। नए कानून में अब उन मामलों के लिए सजा का प्रावधान शामिल हैं, जिसके तहत महिलाओं को शादी का झूठा वादा करके या गुमराह करके छोड़ दिया जाता है, इसके अलावा नए कानून में महिलाओं के खिलाफ अपराध के पीड़ितों को 90 दिनों के भीतर अपने मामलों पर नियमित अपडेट प्राप्त करने का अधिकार होगा। सभी अस्पतालों को महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराध के मामले में मुफ्त इलाज करना जरूरी होगा। आरोपी और पीड़ति दोनों को 14 दिनों के भीतर एफआईआर, पुलिस रिपोर्ट, चार्जशीट, बयान, इकबालिया बयान और अन्य दस्तावेजों की कॉपी प्राप्त करने का अधिकार है, इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक संचार के माध्यम से घटनाओं की रिपोर्ट की जा सकेगी, जिससे पुलिस स्टेशन जाने की जरूरत समाप्त हो सकेगी। साथ ही व्यक्ति को अपने अधिकार क्षेत्र वाले थाने के बजाए भी दर्ज करा सकता है। अब गंभीर अपराधों के लिए फोरेंसिक विशेषज्ञों का घटनास्थल पर जाना और साक्ष्य एकत्र करना अनिवार्य होगा। लिंग की परिभाषा में अब ट्रांसजेंडर लोग भी शामिल होंगे, जो समानता को बढ़ावा देता है। महिलाओं के खिलाफ कुछ अपराधों के लिए जब भी संभव हो, पीड़ति के बयान महिला मजिस्ट्रेट की ओर से ही दर्ज किए जाने का प्रावधान है। साथ ही बुजुर्गों की गिरफ्तारी को लेकर कानून में कुछ बदलाव किया गया है। इस अवसर पर काफी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नगरिक सहित कोरिया चौकी प्रभारी शेषनारायन सिंह, चिरमिरी थाना के सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

पौधरोपण कर पूर्व सांसद डॉ बंशीलाल की मनाई जयंती

कोरबा। पूर्व सांसद स्व डॉ बंशीलाल महतो के जयंती अवसर पर जिले में विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कर श्रद्धांजलि दी गई। इसी कड़ी कोसाबाड़ी मंडल अंतर्गत पोड़ीबहार मुक्तिधाम में भाजपा जिला एवं मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा वृक्ष रोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अमरूद, कटहल, नीम, आम, आवला सहित कई फलदार एवं उपयोगी वृक्षों के पौधे रोपित किए गए।

हाईवे चौकी नागपुर में नए कानून को लेकर दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नागपुर

1 जुलाई से देशभर में भारतीय न्याय संहिता,भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम ये तीन नए भारतीय आपराधिक कानून लागू होने के उपलक्ष्य में एमसीबी जिला पुलिस प्रशासन के तत्वाधान में व हाईवे पुलिस चौकी प्रभारी के नेतृत्व में हाईवे पुलिस चौकी नागपुर में क्षेत्र के काफी संख्या में राजनीतिक दलों, पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों, आमजन व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में कार्यशाला सोमवार को 12 बजे आयोजित की गई, जहां पूर्व विधायक श्रीमती चंपादेवी पावले, जमुना पांडे ,मनेन्द्रगढ़ जनपद उपाध्यक्ष राजेश कुमार साहू, पुलिस चौकी प्रभारी दिनेश कुमार चौहान, एएसआई राम रूप सिंह के द्वारा इन तीन नए कानून के प्रभावी करण एवं इसका लाभ आम जनमानस को मिलना सुनिश्चित करने के लिए सभी को जागरूक किया गया।

बताया गया कि अब किसी भी पुलिस थाने में आधे घंटे के अंदर पीड़ति पक्ष की सुनवाई होगी, ऐसा नहीं होने पर थाने के संबंधित अधिकारी के विरुद्ध पुलिस के उच्चाधिकारियों द्वारा कार्रवाई निश्चित की जाएगी। अब ई एफआईआर भी दर्ज करवाई जा सकती है, लेकिन तीन दिन के अंतराल में थाने में उपस्थित होकर जरूरी साक्ष्य के साथ एफआईआर दर्ज कराई जा सकती है और अब न्यायालयीन प्रक्रिया पूरी कर 3 साल के अंतराल में पीड़ति पक्ष को न्याय मिलवाना सुनिश्चित करना पड़ेगा। आईपीसी को अब बीएनएस के नाम से जाना जाएगा।

इसमें 511 की जगह 358 धाराएं, जिसमें 21 नए अपराध शामिल हैं तथा सीआरपीसी को बीएनएसएस के नाम से जानेंगे ,इसमें 484 धाराओं की जगह 531 धाराएं होगी, सीआरपीसी में 177 धाराएं बदली है, 9 धाराएं जोड़ी गई हैं, 14 धाराएं खत्म की गई हैं। इसी तरह इंडियन एविडेंस एक्ट में 166 के स्थान पर 170 धाराएं सम्मिलित हुई हैं। पीड़ति केन्द्रित कानून जो ज्यादा समावेशी पारदर्शी एवं व्यापक हुए हैं। अब न्याय में देरी नहीं बल्कि प्रकरणों के निराकरण के लिए समय-सीमा तय हुए हैं। पीड़ति महिलाओं एवं बच्चों को न्याय उपलब्ध कराने के लिए कठोर दंड का प्रावधान नए कानून में किया गया है, जो भारत की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता को अक्षुण बनाए रखने के लिए ये कानून मील का पत्थर साबित होंगे।

ये धाराएं बदली-लागू हुए इन नए कानून में हत्या से लेकर सभी तरह के अपराध की धाराएं बदली गई हैं। हत्या की धारा 302 की जगह 103, चोरी की धारा 379 की जगह धारा 303, ठगी 420 की जगह धारा 118, रेप 376 की जगह धारा 64 तथा मॉब लिंचिंग में बीएनएस के तहत धारा 101 के तहत अपराध दर्ज होगा । 1860 में ब्रिटिश शासन के समय के कानून में दंडनीय कार्रवाई को जो प्राथमिकता दिया गया था,अब हमारे भारतीय संसद द्वारा बदलाव करते हुए उन कानूनों को भारतीयों के लिए न्याय संहिता के तहत लागू किया गया है।

राजस्थान भवन में नए कानून के संबंध में हुई परिचर्चा

नए कानून से लोगों को मिलेगा त्वरित और सुलभ न्यायः चंद्र मोहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

भारतीय संसद ने तीन ऐतिहासिक कानूनों-भारतीय दंड संहिता, 1860, दंड प्रक्रिया संहिता 1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 को क्रमशः भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 से प्रतिस्थापित करके आपराधिक न्याय प्रणाली में एक परिवर्तनकारी कदम उठाया है।

भारतीय मूल्यों पर आधारित ये नए कानून दंडात्मक से न्याय-उन्मुख दृष्टिकोण में बदलाव का संकेत देते हैं, जो भारतीय न्याय व्यवस्था को प्रतिबिंबित करता है। उक्त बातें राजस्थान भवन में आयोजित परिचर्चा के अवसर पर पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन सिंह ने कही। राजस्थान भवन मनेन्द्रगढ़ में जिला पुलिस एवं जिला प्रशासन एमसीबी के तत्वाधान में 1 जुलाई से प्रभावशील नए भारतीय कानूनों के संबंध में परिचर्चा का आयोजन कलेक्टर डी.राहुल वेंकट के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कलेक्टर एमसीबी श्री वेंकट ने इस अवसर पर कहा कि जिले के जिम्मेदार अधिवक्ताओं को नए कानूनों के संबंध में अपना फीड बैक देना चाहिए। यह जागरूकता की कार्यशाला है। जिला प्रशासन सदैव जनता के साथ है। एडिशनल एसपी अशोक वाड़ेगांवकर ने कहा कि औपनिवेशिक युग के कानून ब्रिटिश हितों की रक्षा के लिए बनाए गए थे। इनमें भारतीयों से परामर्श नहीं किया गया था तथा इनमें ब्रिटिश केन्द्रित शब्दावली और रूपरेखाएं अंतर्निहित थीं। ये विधायी परिवर्तन आजादी का अमृत महोत्सव की परिणति को चिन्हित करते हैं और अमृत काल की शुरूआत करते हैं, जो वास्तव में स्वतंत्र भारत के निर्माण का प्रतीक है। पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के दिशा-निर्देश में संशोधन प्रक्रिया वर्ष 2019 में प्रारंभ हुई, जिसमें विभिन्न हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श शामिल था और न्याय पालिका के सदस्य, कानून विश्वविद्यालय, राज्य के अधिकारी और आम नागरिक शामिल थे। यह सहयोगात्मक प्रयास सुनिश्चित करता है कि नए कानून ऐसी न्याय प्रणाली हैं जो पूरी तरह से स्वदेशी होगी, यह भारत द्वारा, भारत के लिए और भारतीय संसद द्वारा बनाए गए कानूनों के अनुसार संचालित होगी। अधिवक्ता संघ मनेन्द्रगढ़ के अध्यक्ष विजय मिश्रा ने कहा कि नए कानून का मुख्य लक्ष्य ऐसी आपराधिक न्याय प्रणाली बनाना है जो न केवल नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करती है, बल्कि कानूनी व्यवस्था को भी और अधिक मजबूत बनाती है, जिससे सभी के लिए सुलभ एवं त्वरित न्याय सुनिश्चित हो। यह सुधार भारत में एक निष्पक्ष, आधुनिक और न्यायपूर्ण कानूनी ढांचे की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन संजय श्रीवास्तव व आभार प्रदर्शन एडिशनल एसपी अशोक वाड़ेगांवकर ने किया। परिचर्चा में चेम्बर के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल केशरवानी, कोतवाली प्रभारी अमित कश्यप आरआई हेमंत टोप्पो, रामचरित द्विवेदी,धर्मेन्द्र पटवा, सरजू यादव, रमाशंकर गुप्ता, जिला चिकित्सा अधिकारी सुरेश तिवारी, डॉ.विकास पोद्दार, संजीव ताम्रकार, पार्षद श्याम सुंदर पोद्दार, शैलेश जैन, आनंद अग्रवाल, गीता पासी, मनीष अग्रवाल, अधि.पीके शुक्ला, अधि. आरपी गौतम, अधि. रवि जायसवाल, अधि. रामनरेश पटेल, सतीश उपाध्याय, अधि. शफीक खान समेत क्षेत्र के गणमान्य जन मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट गान से हुआ।

जानकारी देते एसपी।

उपस्थित लोग।